**Need to establish Departments of Cancer and Cardiology in Government Medical College, Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh.-laid**

श्री लालजी वर्मा **(**अम्बेडकर नगर**) :** जिला अयोध्या और अम्बेडकर नगर में कैंसर और हृदय रोग सम्बन्धी बीमारियों के इलाज की सुविधा नही है जिसके कारण उक्त रोग से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ अथवा अन्य दूर की जगहों पर जाना पड़ता है । जिसके कारण बहुत से मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं । अतः उक्त तत्कालिक तथा लोक महत्व के प्रश्न पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग करता हूं कि केन्द्र सरकार राजकीय मेडिकल कालेज अम्बेडकर नगर में कैंसर और हृदय रोग विभाग की स्थापना करने में सहयोग करें ।